# DAYANAND COLLEGE HISAR

## PSYCHOLOGY DEPARTMENT


## Activities Session:– 2025-26

1. **Department organized a Mental Health Awareness Camp and Psychological Testing of Anxiety and Depression for the college students on 02.09.2025.**




Psychology
(sai-kaw-luh-jee)
the science that tells you what you already know, using words you cannot understand
GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
285, Bhamashah Nagar, Hisar, Haryana 125001, India
Lat 29.157888° Long 75.714995°
02/09/2025 10:40 AM GMT +05:30
Google






# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एवं साइकोलॉजिकल टेस्टिंग कैंप' का आयोजन

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 2 सितम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय में आज विद्यार्थियों के लिए 'मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एवं साइकोलॉजिकल टेस्टिंग कैंप' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कैंप में भाग लेना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने बताया कि आज के समय में डिप्रेशन एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इसे समय रहते पहचानना तथा सही तरीके से डील करना बेहद जरूरी है। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए





प्रेरित भी किया। कैंप में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के माध्यम से उनकी मानसिक स्थिति का मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों के साथ-साथ कॉलेज के स्टाफ मेम्बर्स ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। विद्यार्थियों को परीक्षण के तुरंत बाद उनके परिणाम बताए गए तथा मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने के लिए आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू राठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना आज की पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि पढ़ाई का दबाव, प्रतियोगी परीक्षाएँ और बदलती जीवन-शैली तनाव को बढ़ा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, ध्यान (मेडिटेशन) तथा समय प्रबंधन जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर समिति सदस्यगण डॉ. शर्मिला गुनपाल, पूजा, सीमा ने विद्यार्थियों को परीक्षण एवं स्कोरिंग में सहयोग किया और उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि समय रहते मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भविष्य की बड़ी समस्याओं से बचा सकता है। कैंप ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक और सजग बनाया। सभी प्रतिभागियों ने इस आयोजन को उपयोगी एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया। साथ ही, इस कैंप की सफलता में लैब अटेंडेंट श्री संदीप कुमार, श्री प्रवीन कुमार एवं मनोविज्ञान विभाग की सब्जेक्ट सोसाइटी के विद्यार्थियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दैनिक भास्कर
हिसार भास्कर 03-09-2025

# डीएन कॉलेज में मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एवं साइकोलॉजिकल टेस्टिंग कैंप लगाया

हिसार | दयानंद कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एवं साइकोलॉजिकल टेस्टिंग कैंप लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने किया। आज के समय में डिप्रेशन एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इसे समय रहते पहचानना तथा सही तरीके से डील करना बेहद जरूरी है। विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू राठी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना आज की पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि पढ़ाई का दबाव, प्रतियोगी परीक्षाएं और बदलती जीवन-शैली तनाव को बढ़ा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, ध्यान (मेडिटेशन) तथा समय प्रबंधन जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. शर्मिला गुनपाल, पूजा, सीमा ने विद्यार्थियों को परीक्षण एवं स्कोरिंग में सहयोग किया।

2. **Department organized a talk on World Suicide prevention Day in collaboration with Women Cell and Red Cross Unit of the college on 10.09.2025.**




Dayanand College, Hisar
NAAC Grade A++
DEPARTMENT OF PSYCHOLOGY
WOMEN CELL
&
RED CROSS UNIT
organize Lecture on
WORLD SUICIDE PREVENTION DAY
Speaker:- Dr. Prashant Kumar
Additional Senior Medical Officer
Department of Psychiatry
Civil Hospital, Hisar
Date :- 10 Sept. 2025
Time :- 11:00 AM
Venue :-Room No. 118
Dr. Renu Rathee
Patron
Dr. Vikramjit Singh
Principal


GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
1, Dn College Rd, Near Swastik Gas Godown, Satya Nagar, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana 125001, India
Lat 29.158684° Long 75.715378°
10/09/2025 12:45 PM GMT +05:30
Google


DEPARTMENT OF BO
DEPARTMENT OF ZO
Tele MANAS
14416
Dr. KAPIL JAIN
RAJESH JANGRA
DR. N.D. GUPTA
MANBIR SINGH

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 सितम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग, महिला प्रकोष्ठ एवं रेड क्रॉस यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 10 सितम्बर 2025 को 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' (वर्ल्ड सूसाईड प्रिवेंशन डे) पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आत्महत्या रोकथाम दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हम सब मिलकर मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें और एक-दूसरे का सहयोग करें तो आत्महत्या की घटनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. प्रशांत कुमार, वरिष्ठ मनोचिकित्सक एवं अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, मनोचिकित्सा विभाग, सिविल अस्पताल, हिसार ने छात्रों को संबोधित किया। उनके साथ डॉ. शालू ढांडा, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट, सिविल अस्पताल, हिसार, श्रीमती बबली रानी, सामाजिक कार्यकर्ता, सिविल अस्पताल, हिसार तथा श्रीमती सुमन रानी मनोरोग विभाग नर्स, सिविल अस्पताल, हिसार ने भी सहयोग किया। अपने व्याख्यान में डॉ. प्रशांत कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में अवसाद और तनाव तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसके कारण आत्महत्या की घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक व सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है, जिसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। डॉ. कुमार ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लक्षणों की पहचान, समय पर परामर्श लेने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार, मित्र और शैक्षणिक संस्थान सहयोगी भूमिका निभाएं तो आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंटरएक्टिव सत्र के दौरान छात्रों ने विशेषज्ञों से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे जिनके उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोविज्ञान विभाग के शिक्षकों एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी अध्यापिका के साथ-साथ रेड क्रॉस यूनिट के सदस्यों ने विशेष योगदान दिया।

3. **Department organized a Lecture on “Meditation – The Key to Mental Health and Emotional Balance” on World Mental Health Day on 08.10.2025.**




GPS Map Camera
Google
Hisar, Haryana, India
1, Dn College Rd, Near Swastik Gas Godown, Satya Nagar, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana 125001, India
Lat 29.1587° Long 75.715364°
08/10/2025 11:49 AM GMT +05:30


Dayanand College, Hisar
DEPARTMENT OF PSYCHOLOGY
Miracle of Mind
SADHGURU
Download App
MOM


OUR PROMINENT ALUMNI
DEPARTMENT OF BOT
DEPARTMENT OF ZOOL
MOM

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन





**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 8 अक्टूबर :** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हमारे महाविद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्र कुनाल कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने 2014 में दयानन्द महाविद्यालय से बीसीए की पढ़ाई पूरी की और वर्तमान में नेटएप, बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। इस अवसर पर उनके साथ टीम के सदस्य विकास कुमार, अरुण, संजू, शिवांशी और विश्वदीप भी उपस्थित थे, जिन्होंने मिलकर छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत में हमारे माननीय प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारी समग्र जीवन गुणवत्ता के लिए कितना आवश्यक है और छात्रों को अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने की प्रेरणा दी। कुनाल कुमार ने अपने इंटर्नशिप के दौरान योग और ध्यान की शुरुआत की और इनर इंजीनियरिंग प्रोग्राम को पूरा किया। इसके अलावा, वे इशा फाउंडेशन के साथ स्वयंसेवी गतिविधियों में सक्रिय हैं। कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य और ध्यान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि ध्यान न केवल तनाव और चिंता को कम करता है, बल्कि हमारी सोच, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और भावनात्मक संतुलन को भी मजबूत करता है। कुनाल कुमार और उनकी टीम ने छात्रों को विभिन्न ध्यान तकनीकों और सरल अभ्यासों के माध्यम से यह सिखाया कि कैसे हम अपने दैनिक जीवन में मानसिक शांति और स्थिरता ला सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ध्यान नियमित रूप से करने से तनाव, अवसाद और नकारात्मक भावनाओं को नियंत्रित करना आसान होता है और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना संभव है। छात्रों ने इसे बहुत प्रेरणादायक और उपयोगी अनुभव बताया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू राठी, डॉ. शर्मिला गुनपाल, पूजा, सीमा, संदीप, परवीन (लेब एटेंडेंट) और सभी छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और ध्यान के महत्व को समझने का एक प्रेरणादायक अनुभव रहा।

4. **Department organized an Essay Writing Competition for Psychology Students on “Social Media : Mental Health & Well Being” on 25.02.2026.**






# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में 'सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 26 फरवरी : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आज 'सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. रेनू राठी एवं डॉ. शर्मिला गुणपाल द्वारा विषय-वस्तु, प्रस्तुति शैली तथा विचारों की मौलिकता के आधार पर किया गया।



प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा अलीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा आशु (माइनर कोर्स) तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के भूपेंद्र ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. यशु राय तायल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेताओं एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा इस प्रकार की शैक्षणिक एवं जागरूकता से संबंधित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, चिंतन क्षमता एवं अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभाग की अन्य संकाय सदस्य पूजा, अनुप्रिया तथा लैब अटेंडेंट संदीप कुमार एवं प्रवीन कुमार भी उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. यशु राय तायल द्वारा विजेताओं तथा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनकी सहभागिता के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मनोविज्ञान विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में जागरूकता, रचनात्मकता एवं शैक्षणिक अभिरुचि को बढ़ावा दिया जाता है।